# श्रावस्ती पुलिस के हत्थे चढ़ा बलरामपुर का हिस्ट्रीशीटर

**श्रावस्ती, संवाददाता।** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एसपी के निर्देशन में आपरेशन धरपकड़ चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। मंगलवार को कोतवाली भिनगा पुलिस ने बलरामपुर के हिस्ट्रीशटर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर कोतवाली भिनगा के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ के लिए भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मंगल भट्ठा कस्बा भिनगा में संदिग्ध दशा में चाकू लिए खड़ा है। जो कोई अपराध कारित करने की फिराक में है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंच गए और संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ। बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।